Csu/Lib/Book/Dis./2023

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली

## Central Sanskrit University, New Delhi

दिनाँक 26/08/2022

## पुस्तक परिचर्चा

दिनांक 26 अगस्त 2022 को सायं 4 बजे द्वितीय एवं तृतीय पुस्तक परिचर्चा सत्र पुस्तकालय में सम्पन्न हुई। इस परिचर्चा की अध्यक्षता प्रो. बनमाली बिश्वाल जी ने की। द्वितीय पुस्तक परिचर्चा के अन्तर्गत पुस्तकालय में नवागत पत्र-पत्रिकाओं पर उपस्थित विद्वत्जनों की चर्चा हुई जिसमें संस्कृत विमर्श अंक 19,20 एवं 21, कथासरित अंक 29-30, पद्यबंधा अंक 19, प्राकृतविद्या अंक 2 एवं स्वाध्याय अंक 59 आदि पत्र पत्रिकाओं पर हुई तथा तृतीय पुस्तक परिचर्चा के अंतर्गत **Hand Book of National Education Policy 2020 पर भी** विस्तृत चर्चा हुई।

प्रो. बिश्वाल जी ने कथासरित् पत्रिका के प्रकाशन का इतिहास बताते हुए उसके वर्तमान अंक के समग्र कलेवर पर विस्तृत चर्चा की उन्होने बताया कि कथासरित एक ऐसी साहित्यिक पत्रिका है, जिसमें कथा की सभी विद्याएं जैसे बालकथा, अनूदित अनुसर्जन कथाओं, धारावाहिनी, आदि प्रत्येक अंक में प्रकाशन होते हैं। यह पत्रिका प्रो. बनवाली बिश्वाल, नारायणदाश के सम्पादन एवं राकेश दाश के सहसम्पादन में प्रकशित होती है। इसके साथ ही प्रो. बिश्वाल जी ने पद्यबंधा पत्रिका के उपर भी सांगोपांग विवेचन प्रस्तुत किए।

पद्यबंधा में छंदोबद्ध कविता, गीतिकविता, मुक्तछंद कविता अनूदित बंध एवं बालगीति बंध भी प्रकाशित होते हैं। यह पत्रिका वीणा पाणि संस्कृत समिति भोपाल से प्रकाशित है, जिसके प्रधान संपादक श्री बनमाली बिश्वाल जी और सम्पादक डा. धर्मेन्द्र सिंहदेव जी हैं।

तत्पश्चात् स्वाध्याय पत्रिका पर दृष्टिपात करते हुए प्रो. बिश्वाल जी ने बताया कि यह एक विशेषांक पर आधारित शोध पत्रिका है जो प्राच्य विद्या मंदिर, बडोदरा से प्रकाशित होती है इसका नवीनतम अंक योगशास्त्र विशेषांक है। इस अंक में योग शास्त्र संबधी अप्रकाशित पांडुलिपियों का प्रकाशन तथा योगशास्त्र पर लेख प्रकाशित किए गए हैं।

इसी प्रकार संस्कृत विमर्श के तीन नवीन अंको पर भी विस्तृत चर्चा की गई जिनका केन्दीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वितीय उत्कर्ष महोत्सव के अवसर पर लोकार्पण हुआ। संस्कृत विमर्श शोध पत्रिका के तीनों अंकों नवाचार, नवोन्मेष, नवोत्कर्ष का पिछले दो वर्षों के बाद एक साथ प्रकाशन हुआ है। यह पत्रिका अपने आप में सम्पूर्ण शोध पत्रिका है जो यूजीसी केयर सूची में भी है व संस्कृत जगत की प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में से है।

**Hand Book of National Education Policy 2020** पुस्तक आक्सफोर्ड प्रकाशन जयपुर से प्रकाशित है जिसके लेखिका डा. वीणा भल्ला एवं डा. ममता रानी अग्रवाल हैं। इस पुस्तक के 7 खण्डों पर चर्चा करते हुए डा. अमृता कौर एवं श्री सुभाष देशमुख जी ने कहा कि यह पुस्तक नई शिक्षा नीति के सभी पहलूओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है, एवं यह पुस्तक राष्टीय शिक्षा नीति संबधी अनेक महत्वपूर्ण पहलूओं पर कार्य करने में उपयोगी सहायक सिद्ध होगी।

पुस्तक पर चर्चा में प्रो. बनमाली बिश्वाल, श्री सुभाष देशमुख, डा. अमृता कौर, श्रीमती स्नेहलता उपाध्याय एवं डा. अनीता शर्मा, श्रीमती पिंकी तथा अन्य इत्यादि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुये अपने विचार प्रस्तुत किए। इस परिचर्चा सभा में जलपान आदि वितरण श्रीमती रामवती एवं संदीप पोखरियाल ने किया।

## Book Discussion

On August 26, 2022, at 4 pm, the second and third book discussion session was held in the library. This discussion was chaired by Prof. Banmali Biswal. In this, there was a discussion among the scholars present in the library on the new newspapers and magazines, in which Sanskrit issue 19, 20 and 21, Kathasarit issue 29-30, Padyabandha issue 19, Prakritvidya issue 2 and Swadhyaya issue 59 etc discussed. Hand Book of National Education Policy 2020 was also discussed in detail under the third book discussion.

Describing the history of the publication of Kathasarit magazine, Prof. Biswal gave a detailed discussion on the overall body of its current issue. This magazine was published under the editorship of Narayan Dash and co-editorship of Rakesh Dash. Along with this, Prof. Biswal also presented Sangopang interpretations on Padyabandha magazine.

In Padyabandha, rhymed poetry, lyric poetry, free verse poetry translated bandha and balagiti bandha were also published. This magazine was published from Veena Pani Sanskrit Samiti, Bhopal, whose editor-in-chief is Mr. Banmali Biswal and editor is Dr. Dharmendra Singhdev.

After that, looking at the Swadhyay magazine, Prof. Biswal told that this was a special issue of research based magazine which is published from Praachya Vidya Mandir, Vadodara. Its latest issue is Yogashastra a special issue. Publication of unpublished manuscripts related to Yoga Shastra and articles on Yoga Shastra have been published in this issue.

Similarly, detailed discussion was held on three new issues of Sanskrit discussion, which were inaugurated on the occasion of second Utkarsh Mahotsav of Central Sanskrit University. All the three issues of Sanskrit Vimarsh Shodh Patrika Innovation, Navonmesh, Navotkarsh have been published together. This journal is a complete research journal in itself, which is also in the UGC Care list and is one of the prestigious international research journals of the Sanskrit world.

The Hand Book of National Education Policy 2020 is published from Oxford Publications Jaipur, whose authors are Dr. Veena Bhalla and Dr. Mamta Rani Agarwal. Discussing the 7 sections of this book, Dr. Amrita Kaur and Mr. Subhash Deshmukh said that this book throws light on all the aspects of the new education policy in detail, and this book helps in working on many important aspects related to the national education policy. It will prove to be a useful reference book.

Prof. Banmali Biswal, Mr. Subhash Deshmukh, Dr. Amrita Kaur, Mrs. Snehlata Upadhyay and Dr. Anita Sharma, Mrs. Pinki and other officers and employees participated enthusiastically and presented their views. Mrs. Ramvati and Sandeep Pokhriyal distributed refreshments in this discussion meeting.

Sneh 26.8.23

**सहा. पुस्तकालयाध्यक्ष**
**Assistant Librarian**

B. Biswal 26/08/2023

अधिष्ठाता शैक्षिक वृत्त
Dean (Academic Affairs & Students Welfare)